भारतीय संसदीय शिष्टमंडल किगाली, रवांडा में आयोजित किए जा रहे अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 145वें सम्मेलन में भाग लेगा

नई दिल्ली; 10 अक्टूबर, 2022: राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश के नेतृत्व में एक छह सदस्यीय भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 11-15 अक्तूबर 2022 तक किगाली, रवांडा में आयोजित किए जा रहे अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) के 145वें सम्मेलन में भाग लेगा। इस शिष्टमंडल में लोक सभा सदस्य, श्री विष्णु दयाल राम; लोक सभा सदस्य, कु. दीया कुमारी ; राज्य सभा सदस्य, डॉ. सस्मित पात्रा; लोक सभा सदस्य, सुश्री अपराजिता सारंगी; और राज्य सभा सदस्य, श्री कार्तिकेय शर्मा शामिल हैं।

राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी. मोदी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

लोक सभा सचिवालय में निदेशक, श्री एल. वी. रमना शिष्टमंडल के सचिव हैं।

उपरोक्त सम्मेलन के दौरान, "एक अधिक सशक्त एवं शांतिपूर्ण विश्व के लिए परिवर्तनकारी वाहक के रूप में महिला-पुरुष समानता और महिलाओं के प्रति संवेदनशील संसद" विषय पर एक सामान्य चर्चा की जाएगी। इसके अलावा आईपीयू की चार स्थायी समितियां अपनी बैठकों में अलग-अलग एजेंडा पर चर्चा करेंगी। महिला सांसद मंच, युवा सांसद मंच और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली समिति भी बैठकें करेंगी। भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य अंतर संसदीय संघों के निकायों की इन बैठकों में भाग लेंगे।

राज्य सभा के महासचिव, संसद के महासचिवों के संघ (एएसजीपी) की बैठक में भाग लेंगे।

भारतीय शिष्टमंडल 11 अक्तूबर 2022 को एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की समन्वय बैठक में भी भाग लेगा।

इस सम्मेलन के दौरान लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी तीसरी स्थायी समिति के संकल्प को स्वीकार किया जाएगा। सम्मेलन के अंत में, सामान्य चर्चा के विषय पर एक घोषणा पारित की जाएगी।